# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.06.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 26.06.2024

# जीपीएस रहित वाहन से ही होगा खाद्यान्न परिवहन



खाद्यान्न हैंडलर व परिवहन ठेकेदारों संग बैठक करते आरएफसी पुलकित गर्ग● जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : अब से बिना जीपीएस लगे किसी भी वाहन में खाद्यान्न की ढुलाई नहीं की जाएगी। वाहनों का रूट चार्ट एफसीआइ को अवश्य पहले ही दे दिया जाए, जिससे एफसीआइ मजदूरों की उपलब्धता समय से कर सके। यह निर्देश संभागीय खाद्य नियंत्रक व वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दिए। वह मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत नियुक्त खाद्यान्न के हैंडलर एवं परिवहन ठेकेदारों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। टीडी में ट्रकों के गेट पास मिलने के बाद चालान कटाते समय, रियल टाइम को चालान में अंकित किया जाए तथा ट्रकों को खाद्यान्न लोडिंग के लिए समय से एफसीआइ डिपो में भेजा जाए।

### दैनिक जागरण–दि0 26.06.2024

# 10 बीघा अवैध प्लाटिंग पर गरजा वीडीए का बुलडोजर

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण से बिना ले-आउट पास कराए अवैध तरीके से प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ मंगलवार को वीडीए का बुलडोजर गरजा। जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि अवैध तरीके से प्लाटिंग करने वालों की सूची बनाकर उनके खिलाफ एक-एक कर कार्रवाई की जा रही है। कई कालोनाइजरों को चेतावनी तक दी गई। सारनाथ वार्ड के रमना में वीडीए से बिना ले-आउट पास कराए भोनू सिंह दो बीघा में और ब्रजेश पांडेय चार बीघा में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहे थे। इसके अलावा उमरहा में चार में कुछ लोग अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहे थे। तीनों स्थानों पर बाउंड्री तोड़ने के साथ कालोनाइजर को चेतावनी दी गई है। जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि नगवां वार्ड के काशी अपार्टमेंट और बजरडीहा में माधुरी कुमारी और लोकेश तिवारी अवैध तरीके से निर्माण कर रहे थे। भवन को सील करने के साथ भेलूपुर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 26.06.2024

### अवैध प्लाटिंग पर गरजा वीडीए का बुलडोजर

**VARANASI:** विकास प्राधिकरण से बिना ले-आउट पास कराए अवैध तरीके से प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ मंगलवार को वीडीए का बुलडोजर गरजा. जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि अवैध तरीके से प्लाटिंग करने वालों की सूची बनाकर उनके खिलाफ एक-एक कर कार्रवाई की जा रही है. कई कालोनाइजरों को चेतावनी तक दी गई. सारनाथ वार्ड के रमना में वीडीए से बिना ले-आउट पास कराए भोनू सिंह दो बीघा में और ब्रजेश पांडेय चार बीघा में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहे थे. इसके अलावा उमरहा में चार में कुछ लोग अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहे थे. तीनों स्थानों पर बाउंड्री तोड़ने के साथ कालोनाइजर को चेतावनी दी गई है.

## अमर उजाला–दि0 26.06.2024

### अवैध निर्माण के खिलाफ वीडीए की कार्रवाई

**वाराणसी।** बिना मानचित्र पास कराए प्लॉट पर चल रहे निर्माण के खिलाफ वीडीए की टीम ने बुधवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। वार्ड सारनाथ में भोनू सिंह दो बीघा व बृजेश पांडेय चार बीघा पर और बराई में अज्ञात लोगों द्वारा चार बीघा जमीन पर कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस दौरान जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार मौजूद रहे। ब्यूरो

आज–दि0 26.06.2024

## बजरडीहा में भवन सील

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर अभियंताओं के टीम ने मंगलवार को नगवां वार्ड में आराजी संख्या ५०/१ हनुमान नगर कालोनी, मौजा बजरडीहा, वार्ड नगवां में स्वीकृत मानचित्र के विपरित दो भूखण्डों पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। भवनों पर चार तल बनाने के बाद पांचवें तल के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया गया था। जानकारी मिलने पर २८ जून २०२३ को उनके द्वारा दखिल मानचित्र को निरस्त कर दिया गया और उन्हें निर्देश दिया गया कि स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण कार्य करें, लेकिन भवनस्वामी ने चोरी-छीपे निर्माण कार्य जारी रखा। अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को भेलूपुर पुलिस के सहयोग से भवन को सील कर दिया गया और भेलूपुर थाने के अभिरक्षा में भवन को सौंप दिया गया। कारवाई में जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आरके सिंह और स्थानीय पुलिस मौजूद थी।

## दस बीघा जमीन पर चली जेसीबी

विप्रा अभियंताओं ने मंगलवार को सारनाथ के रमना क्षेत्र में बीना ले आउट स्वीकृत कराये दो कास्तकारों के प्लाटिंग पर जेसीबी से निर्माण कार्य ध्वस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कास्तकार भोनू सिंह के दौ बीघा, बृजेश पाण्डेय चार बीघा बीना ले आउट स्वीकृत कराये प्लाटिंग कर रहे थे। इसके अलावा लगभग छह बीघे जमीन पर प्लाटिंग हो रही थी; इस प्रकार १० बीघे जमीन पर हुए प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। अभियान में जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार और क्षेत्रीय पुलिस मौजूद थी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 26.06.2024

## वीडीए सचिव ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के प्लाटिंग का किया निरीक्षण

रोहनिया। वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के आदेश के क्रम में मंगलवार को मोहनसरायएबैरवन में वीडीए के सचिव डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के प्रथम प्रोजेक्ट परिसर में ट्रांसपोर्टरों के लिए बिल्डिंग, ऑफिस गोदाम एवं पार्किंग स्थल सड़क, सीवर इत्यादि



निर्माण के लिए संबंधित टीम के साथ प्लाटिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंचे ट्रांसपोर्टरों को भ्रमण कर प्लाटिंग का विजिट कराया और जुलाई के लास्ट तक प्लाट एलॉटमेंट करने का आश्वासन दिया। ट्रांसपोर्टरो ने सचिव से प्लाट का उचित रेट पर मूल्यांकन करने के लिए अपील किया। प्लाटिंग के बाहर किसान ने अपने जमीन एवं पंपिंग सेट पर जाने के लिए रास्ता की मांग किया जिस पर सचिव ने मौका मुआयना कर तहसीलदार को निर्देश देते हुए रास्ता देने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता आनंद कुमार मिश्र एवं अरविंद शर्मा, शिवाजी मिश्र, अवर अभियंता अतुल मिश्र, नगर नियोजक प्रभात कुमार सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार श्रीवास्तव, कानूनगोह सफ्तार अली अंसारी, सुनील कपूर, सूर्यमणि तिवारी, जगदीश अग्रवाल, टीएन तिवारी, ताराशंकर वर्मा आदि ट्रांसपोर्टर सहित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 26.06.2024

# विप्रा सीमामें बढ़े ९४ राजस्व गांव

## विभागकी ९९.७५ वर्ग किलोमीटर सीमा और बढ़ायी गयी, प्रदेश सरकारकी कैबिनेटने लगायी मुहर

प्रदेश सरकारकी कैबिनेटने वाराणसी विकास प्राधिकरणके २१५ राजस्व गांवोंको शामिल कर लिया है। इस प्रकार २१५ ग्रामोंका क्षेत्रफल २८०.६५ वर्ग किलोमीटर है। इसके अन्तर्गत ९४ राजस्व गांवमें ९९.७५ वर्ग किलो मीटर, तहसील पिण्डराके ३० राजस्व गांव जिसका क्षेत्रफल ५९.१३ वर्ग मीटर, सदर तहसीलके १८ राजस्व गांव जिनका क्षेत्रफल २३.४३ किलोमीटर, जनपद चन्दौलीकी तहसील सकलडीहामें दो राजस्व गांव जिनका क्षेत्रफल १.५० वर्ग किलोमीटर, तहसील पण्डित दीनदयाल उपाध्यायनगरमें ५४ राजस्व गांवोंको शामिल किया गया है, जिनका क्षेत्रफल ७७.१९ वर्ग किलोमीटर है। जनपद मीरजापुर और तहसील चुनारकी १७ राजस्व गांवोंको शामिल किया गया है जिनका क्षेत्रफल १९.६४ वर्ग किलोमीटर होगा। इस प्रकार वाराणसी विकास प्राधिकरणमें कुल २१६ गांवोंको शामिल किया जा रहा है, जिसमें तहसील पिण्डराके करखियांव गांवको छोड़कर २१५ गांवोंमें सीमा विस्तारकी अनुमति कैबिनेट दी है। राजातालावमें सरौनी, कुरौना, जंसा, हरसोस, परमानन्दपुर, हरदासपुर, मिरावन, परमपुर नरैचा, चकडीहाराम, बेलौड़ी, दयापुर, गंगापुर, जमीन सुलक्ष्न, लक्ष्मनपुर, घमहापुर, जर्मीदर्शन, कुशीकथक, टेकीकहार,



हिकमतशाह, हृदयीपुर, कीर्तापट्टी, दधेल, चकदर्शन, जमीनकनेरी, कनेरी, कन्हईपुर, भईदपुर, सुकचक, गंजारी, हरपुर, शिवसागर, वीरभानुपुर, कचनार, रानीबाजार, टोडरपुर, मिल्कीचक, नब्बेचक, निदौरा, काशीपुर, गौरा, चकमातलदेई, पयागपुर, असवारी, महावन, काठीपुर, मडैली कला, सहबाजपुर, मढौला खुर्द, भदरासी, देवराचक, जगरदेवपुर, गंगापुर, परसूपुर, काजीचक, तोहफापुर, पैड़गांव, नियैसीपुर, खरगरामपुर, माधोपुर, कल्यानपुर, भवानीपुर, धानापुर, लसकरिया, शहंशाहपुर, आराजीलाइन, पनियरा, उपाध्यायपुर, गोविन्दपुर, शक्तियारपुर, बहोरनपुर, राजापुर, बभिनियाव, बहेड़वा, जीतापुर, टहिया महावन, बसंतपुर महावन, गजापुर महावन, भीषमपुर, चकअधियार, दीपापुर, भीमचण्डी, गोविन्दपुरा भीमचण्डी, गोपालचक, बुड़ापुर, बंगालीपुर, भिखारीपुर, चित्तापुर, रखौना, भुआलपुर, खजुरी, मेंहदीगंज, कल्लीपुर और नागेपुर।

इसी प्रकार पिण्डरा तहसीलमें बहुतारा, जददूपुर; चकेन्दर, कैथोली, समोगरा, बेलवां, लखीमपुर, घमापुर, सोनबरसा, टेटुवा, अहिरानी, नगापुर, पिण्डरायी, पिण्डरा, असवालपुर, अजईपुर, जमापुर, लोकापुर, फूलपुर, सुरहीं, रामपुर, बरजी, चेहरा, बिन्दा, थरी, माना, प्रह्लादपुर, उधोपुर और कठरवां। सदर तहसीलमें सरैया, अहिरौली, हरदासपुर, सुलेमापुर, गुरवट, भटौली, गोसाईंपुर, पलहीपट्टी, महादेवपुर, फतेहपुर, राजापुर, रामगांव, बरथौनी, ताड़ी, गड़सरा, हाजीपुर, दुमितवा और बेला। इसी प्रकार सकलडीहा और चन्दौलीमें बिहरा और खैरुद्दीन शामिल किये गये हैं, जबकि चन्दौलीमें ५४ गांवमें कनेरा, महादेवपुर, सलेमापुर, ककरही कला, तारापुर, जीवनपुर, महेवा, ककरही खुर्द, संघती, बगही, सदलपुरा, चन्दौली खुर्द, दयालपुर, मखदूमनपुर, कोरी, जलालपुर, मटकुट्टा, नसीरपुर, धूसखास, बसरतियां, हुडरहा, धमीना, महरो, वाजिदपुर, डवेढिल, गहरपुरा, अकबरपुर उर्फ रामपुर, गंजख्वाजा, रामपुर उर्फ करनपुर, डिग्घी, मखदूमनपुर, झांसी, रामपुर उर्फ अकबरपुर, मुहब्बतपुर, नयी कोट, रेवसा, बरहुली, कथौड़ी, रेमा, अलीनगर, जगदीशपुर उर्फ भटरिया, गुवास, नियमताबाद, गंगेहरा, कुन्डलिया, बगया, बरछा, तलपरा, सुरौली, मैनुद्दीनपुर, शेखपुर, बौरी, बाराडीह। इसी प्रकार चुनार जनपद-मीरजापुरके १७ गांव, जिसमें चुरामनपुर, रुंदौली, सुरसी, महरछ, आराजीलाइन सुल्तानपुर, पुरानी छावनी, केलाबेला, कुशहां, अदलपुरा, सुल्तानपुर खास, मुजाहिदपुर, आराजी सुल्तानपुर, मछवां तरास, चकताल पश्चिमपट्टी, ताल बिसुई, चकताल बिसुई, चक कुसहां गांवोंको विकास प्राधिकरणकी सीमामें सम्मिलित कर लिया गया है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 26.06.2024

### बिना जीपीएस के किसी वाहन में खाद्यान्न के परिवहन संचालन में ना लाया जाए



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष/ संभागीय खाद्य नियंत्रक अधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत नियुक्त खाद्यान के हैंडलर एवं परिवहन ठेकेदारों के साथ बैठक की गई। आरएफसी द्वारा आदेशित किया गया की टीडी में ट्रको के गेट पास मिलने के बाद चालान कटाते समय, रियल टाइम को चालान में अनिवार्यरूप से अंकित किया जाए तथा ट्रकों को खाद्यान्न लोडिंग के लिए समय से एफसीआई डिपो में भेजा जाए। इसके साथ ही सख्त निर्देश दिए गए कि बिना जीपीएस के किसी वाहन में खाद्यान्न के परिवहन संचालन में ना लाया जाए। इसके अलावा रूट चार्ट एफसीआई को दे दिया जाये। जिससे एफसीआई मजदूरों की उपलब्धता समय से कर सके। आरएफसी ने परिवहन ठेकेदारों को अवगत कराया कि आप सभी को रूट चार्ट दिए जायेंगे, किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर लिखित सुझाव उपलब्ध कराए जिसका उचित समाधान किया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त खाद्य, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, एरिया मैनेजर एफसीआई, मंडल के समस्त डीएफएमओ, डीएसओ व परिवहन ठेकेदार उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 26.06.2024

### अवैध प्लाटिंग पर चला वीडीए का बुलडोजर अवैध निर्माण को किया सील

**वाराणसी।** वीडीए की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। सारनाथ वार्ड के अंतर्गत रमना में बिना ले-आउट पास कराये भोनू सिंह ने 2 बीघा तथा ब्रिजेश पाण्डेय ने 4 बीघा एवं बराई उमराह में एक अज्ञात की तरफ से 4 बीघा पर अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से रमना/बराई/उमराह में कुल 10 बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। वहीं दूसरी तरफ प्रवर्तन टीम ने नगवां वार्ड के अंतर्गत माधुरी कुमारी पत्नी अमरनाथ सिंह एवं लोकेश तिवारी पुत्र स्व. बिरेंद्र कुमार तिवारी की तरफ से काशी अपार्टमेन्ट, हनुमान नगर कालोनी, मौजा-बजरडीहा, वार्ड-नगवां, पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत 2 भूखण्डों को अनाधिकृत रूप से सम्मिलित कर एवं सेटबैक को प्रभावित करते हुए लगभग तल व (जी+4) तलों का पूर्व में निर्माण कर 5 वें तल पर तीन कॉलम का निर्माण कार्य किये जाने पर पर उक्त अनाधिकृत निर्माण के विरूद्ध नोटिस की कार्यवाही की गई थी। पक्ष द्वारा भवन का शमन मानचित्र दाखिल किया गया, जा 28 जून 2023 को अस्वीकार कर दिया गया। वर्तमान में अलग-अलग फ्लैट (ग्रुप हाउसिंग) का निर्माण पूर्ण कर अध्यासन किये जाने पर मंगलवार को स्थल को पुनः सील कर थाना भेलूपुर की पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

## हिन्दुस्तान–दि0 26.06.2024

### ट्रांसपोर्ट नगर में जुलाई के अंत से होगा प्लॉट आवंटन

- वीडीए सचिव ने निर्माण कार्य का लिया जाएजा
- साथ गए ट्रांसपोर्टरों को भी भ्रमण करवाया

रोहनिया, संवाद। वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर योजना के तहत मोहनसराय, बैरवन में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने साथ गए ट्रांसपोर्टरों को भी स्थलों का भ्रमण कराया। सचिव ने ट्रांसपोर्टरों को जुलाई 2024 के अंत तक प्लॉटों का आवंटन करने का आश्वासन दिया।

ट्रांसपोर्टरों ने प्लॉटों का उचित रेट पर आवंटन करने की अपील की। सचिव ने प्रोजेक्ट परिसर में ट्रांसपोर्टरों के लिए बिल्डिंग, ऑफिस, गोदाम एवं पार्किंग स्थल समेत सड़क, सीवर पाइप लाइन के निर्माण का जायजा लिया। उस दौरान किसान शिवराज तिवारी ने अपनी जमीन एवं पंपिंग सेट तक जाने के लिए रास्ते की मांग की। वीडीए सचिव ने तहसीलदार से मुआयना कराकर रास्ता देने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रा, अरविंद शर्मा, शिवाजी मिश्रा, जेई अतुल मिश्रा, कानूनगो अली अंसारी, सुनील कपूर, सूर्यमणि तिवारी, जगदीश अग्रवाल, टीएन तिवारी भी थे।

## हिन्दुस्तान–दि0 26.06.2024

### भवन का सील तोड़ा, आदेश भी खुरच दिए

वाराणसी। भेलूपुर के बजरडीहा में वीडीए की ओर से अवैध निर्माण को सील किया गया था, साथ ही दीवार आदेश लिखवाया गया था। आरोप है कि बिल्डर आशीष, उसके कर्मचारी अशोक यादव और मोन्टी ने सील तोड़ दिया। दीवार पर लिखे गये निर्देशों को खुरचकर मिटा दिया। वीडीए के अवर अभियंता आरके सिंह की तहरीर पर भेलूपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है।


## हिन्दुस्तान–दि0 26.06.2024

### भवन का सील तोड़ा, आदेश भी खुरच दिए

वाराणसी। भेलूपुर के बजरडीहा में वीडीए की ओर से अवैध निर्माण को सील किया गया था, साथ ही दीवार आदेश लिखवाया गया था। आरोप है कि बिल्डर आशीष, उसके कर्मचारी अशोक यादव और मोन्टी ने सील तोड़ दिया। दीवार पर लिखे गये निर्देशों को खुरचकर मिटा दिया। वीडीए के अवर अभियंता आरके सिंह की तहरीर पर भेलूपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## न्यायाधीश–दि0 26.06.2024

### सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत नियुक्त खाद्यान्न के हैंडलर एवं परिवहन ठेकेदारों के साथ बैठक आयोजित



वाराणसी। वाविप्रा के उपाध्यक्ष/ संभागीय खाद्य नियंत्रक अधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में 25 जून को प्राधिकरण सभागार में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत नियुक्त खाद्यान के हैंडलर एवं परिवहन ठेकेदारों के साथ बैठक की गई ।आरएफसी द्वारा आदेशित किया गया की टी0डी0 में ट्रको के गेट पास मिलने के बाद चालान कटाते समय, रियल टाइम को चालान में अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए तथा ट्रकों को खाद्यान्न लोडिंग के लिए समय से म डिपो में भेजा जाए इसके साथ ही सख्त निर्देश दिए गए कि बिना जी0पी0एस0 के किसी वाहन में खाद्यान्न के परिवहन संचालन में ना लाया जाए। इसके अलावा रूट चार्ट एफ0सी0आई0 को दे दिया जाये। जिससे एफसीआइ मजदूरों की उपलब्धता समय से कर सके ।आरएफसी ने परिवहन ठेकेदारों को अवगत कराया कि आप सभी को रूट चार्ट दिए जायेंगे, किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर लिखित सुझाव उपलब्ध कराए जिसका उचित समाधान किया जाएगा ।बैठक के दौरान उपायुक्त खाद्य, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, एरिया मैनेजर (इण्ड), मंडल के समस्त डीएफएमओं, डीएसओ व परिवहन ठेकेदार उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 26.06.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार को मिली कैबिनेट से अनुमति

**वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में 215 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किया गया**

वाराणसी।उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-3 के प्राविधानों के अन्तर्गत वाराणसी के सुनियोजित विकास हेतु शासनादेश संख्या-3779/ 37-2-4 (डी.ए.)-72 दिनांक 20.08.1974 द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। गठन के पश्चात दिनांक 28.03.1978 एवं पुनः दिनांक 07.09.2016 की अधिसूचनाओं के माध्यम से उक्त के सीमा विस्तार हेतु संशोधित किया गया था। वर्तमान समय में वाराणसी विकास क्षेत्र में गंगा नदी के बायीं ओर स्थित क्षेत्र यथा वाराणसी नगर निगम, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, छावनी, और तहसील वाराणसी के राजस्व ग्रामों सहित विकास क्षेत्र में सम्मिलित है तथा भाग - बी में विकास क्षेत्र के दाहिने हिस्से को शामिल किया गया था, जिसमें रामनगर, पं. दीनदयाल नगरपालिका परिषद्, पं. दीनदयाल नगर रेलवे अधिसूचित क्षेत्र और शामिल तहसीलों के राजस्व गांव सम्मिलित हैं। इस प्रकार कुल 635 ग्राम सभाओं से युक्त 793 वर्ग किलोमीटर का वाराणसी विकास क्षेत्र वर्तमान में नियोजित विकास हेतु प्रभावी है।वर्तमान समय में वाराणसी नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि एवं प्रमुख मार्गो पर तीव्र औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियाँ विद्यमान है। इसके कारण नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में होने वाले विकास एवं निर्माण कार्य को सुनियोजित विकास का स्वरूप देने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के सीमा विस्तार औचित्यपूर्ण होने के दृष्टिगत तहसील-राजातालाब के 94 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 99.75 वर्ग किलोमीटर, तहसील-पिण्डरा के 30 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 59.13 वर्ग किलोमीटर,, तहसील सदर के 18 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 23.43 वर्ग किलोमीटर,जनपद-चंदौली की तहसील सकलडीहा के 02 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 1.50 वर्ग किलोमीटर, तहसील-पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर के 54 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 77.19 वर्ग किलोमीटर, तथा जनपद-मिर्जापुर की तहसील-चुनार के 17 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 19.64 वर्ग किलोमीटर, अर्थात कुल 215 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 280.65 वर्ग किलोमीटर को वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा शासन को प्रेषित किया गया था। शासन द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु कैबिनेट में प्रस्ताव आज दिनांक 25.06.24 को स्वीकृत कर दिया गया है। इस निणय से वाराणसी के सुनियोजित विकास में सहायता मिलेगी इन क्षेत्रों में विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जायेगा। इसमें स्पष्ट किया जाता है कि इस विस्तार का अर्थ ये नहीं है कि इन ग्रामों की भूमि वीडीए या सरकार खरीद लेगी। इस प्रकार के भ्रम की स्थिति कोई ना फैलाये। ये सभी विस्तारित होते शहरों में होने वाली आवासीय प्लानिंग की सामान्य प्रक्रिया है।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 216 ग्रामों को अपनी विकास क्षेत्र की सीमा में सम्मिलित करने का प्रस्ताव शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया था जिसमें से तहसील पिंडरा के ग्राम करखियावँ को छोड़कर अन्य समस्त 215 ग्रामों को विकास क्षेत्र की सीमा में सम्मिलित करने की अनुमति प्राप्त हुयी है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 26.06.2024

### अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। सारनाथ वार्ड के अन्तर्गत रमना में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये भोनू सिंह द्वारा 2 बीघा तथा ब्रिजेश पाण्डेय द्वारा



4 बीघा एवं बराई उमरहा में अज्ञात द्वारा 4 बीघा पर अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से रमना/बराई/उमराहा में कुल 10 बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमारउपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले0आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 26.06.2024

### वीडीए सचिव ने ट्रांसपोर्टरों के साथ किया ट्रांसपोर्ट नगर योजना के प्लाटिंग का निरीक्षण

रोहनिया।वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के आदेशानुसार मंगलवार को मोहनसराय,बैरवन में वीडीए के सचिव डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के प्रथम प्रोजेक्ट परिसर में ट्रांसपोर्टरों के लिए बिल्डिंग,ऑफिस गोदाम एवं पार्किंग स्थल सड़क,सीवर इत्यादि निर्माण हेतु संबंधित टीम के साथ प्लाटिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंचे ट्रांसपोर्टरों को भ्रमण कर प्लाटिंग का विजिट कराया और जुलाई के लास्ट तक प्लाट एलॉटमेंट करने का आश्वासन दिया।ट्रांसपोर्टरो ने सचिव से प्लाट का उचित रेट पर मूल्यांकन करने हेतु अपील किया। प्लाटिंग के बाहर किसान शिवराज तिवारी ने अपने जमीन व पंपिंग सेट पर जाने के लिए रास्ता की मांग किया जिस पर सचिव ने मौका मुआयना कर तहसीलदार को निर्देश देते हुए रास्ता देने का आश्वासन दिया।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 26.06.2024

# वीडीए के सीमा विस्तार को कैबिनेट से मिली मंजूरी

## वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में 215 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किया गया है

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार को कैबिनेट से अनुमति प्राप्त हो गयी है।इसकी सूचना मंगलवार को वीडीए प्रशासन ने खबर जारी कर दी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में 215 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किया गया है।उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-3 के प्राविधानों के अन्तर्गत वाराणसी के सुनियोजित विकास हेतु शासनादेश संख्या-3779/ 37-2-4 (डी.ए.)-72 दिनांक 20.08.1974 द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। गठन के पश्चात दिनांक 28.03.1978 एवं पुनः 07.09.2016 की अधिसूचनाओं के माध्यम से उक्त के सीमा विस्तार हेतु संशोधित किया गया था।

वर्तमान समय में वाराणसी विकास क्षेत्र में गंगा नदी के बायीं ओर स्थित क्षेत्र यथा वाराणसी नगर निगम, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, छावनी, और तहसील वाराणसी के राजस्व ग्रामों सहित विकास क्षेत्र में सम्मिलित है तथा भाग - बी में विकास क्षेत्र के दाहिने हिस्से को शामिल किया गया था, जिसमें रामनगर, पं. दीनदयाल नगरपालिका परिषद्, पं. दीनदयाल नगर रेलवे अधिसूचित क्षेत्र और शामिल तहसीलों के राजस्व गांव सम्मिलित हैं। इस प्रकार कुल 635 ग्राम सभाओं से युक्त 793 वर्ग किलोमीटर का वाराणसी विकास क्षेत्र वर्तमान में नियोजित विकास हेतु प्रभावी है।वर्तमान समय में वाराणसी नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि एवं प्रमुख मार्गों पर तीव्र औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियाँ विद्यमान है। इसके कारण नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में होने वाले विकास एवं निर्माण कार्य को सुनियोजित विकास का स्वरूप देने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के सीमा विस्तार औचित्यपूर्ण होने के दृष्टिगत तहसील-राजातालाब के 94 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 99.75 वर्ग किलोमीटर, तहसील-पिण्डरा के 30 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 59.13 वर्ग किलोमीटर, तहसील सदर के 18 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 23.43 वर्ग किलोमीटर,जनपद-चंदौली की तहसील सकलडीहा के 02 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 1.50 वर्ग किलोमीटर, तहसील-पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर के 54 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 77.19 वर्ग किलोमीटर, तथा जनपद-मिर्जापुर की तहसील-चुनार के 17 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 19.64 वर्ग किलोमीटर, अर्थात् कुल 215 राजस्व ग्रामों क्षेत्रफल 280.65 वर्ग किलोमीटर को वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा शासन को प्रेषित किया गया था। शासन द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु कैबिनेट में प्रस्ताव 25.06.24 को स्वीकृत कर दिया गया है। इस निर्णय से वाराणसी के सुनियोजित विकास में सहायता मिलेगी इन क्षेत्रों में विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जायेगा।इसमें स्पष्ट किया जाता है कि इस विस्तार का अर्थ ये नहीं है कि इन ग्रामों की भूमि वीडीए या सरकार खरीद लेगी। इस प्रकार के भ्रम की स्थिति कोई ना फैलाये। ये सभी विस्तारित होते शहरों में होने वाली आवासीय प्लानिंग की सामान्य प्रक्रिया है।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 216 ग्रामों को अपनी विकास क्षेत्र की सीमा में सम्मिलित करने का प्रस्ताव शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया था जिसमें से तहसील पिंडरा के ग्राम करखियावं को छोड़कर अन्य समस्त 215 ग्रामों को विकास क्षेत्र की सीमा में सम्मिलित करने की अनुमति प्राप्त हुयी है।



### वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के विस्तारीकरण हेतु प्रस्तावित तहसीलवार राजस्व ग्राम निम्नवत है:-

तहसील-राजातालाब- जनपद-वाराणसी 94 राजस्व ग्राम क्षेत्रफल 99.75 वर्ग किलोमीटर सरैनी, कुरौना, जन्सा, हरसोस, परमन्दापुर (मि.ठे), हरदासपुर, मोहान, परमपुर, नरैना, चकदीहाराम, बेनीडीह, दयापुर, गंगापुर (टी.ए.), जमीन सुलचन, लखिमनपुर, चन्दापुर, जमीनदर्शन, जमीन कुशी कवक, जमीन टेकीक्वार, जमीन हिकमतशाह, हिरदेपुर, पतापौरहुं, बंबेड़ चक दर्शन, जमीन करौरी, करौरी, कल्हईपुर, भईपुर, सुई चक, गंवारी, हरपुर, जमीन शिवमाल, धौरभानपुर, कचनार, गनीबाजार, टोडरपुर, मिल्की चक, नब्बे चक, निदौरा, कसींपुर, गौरा, चकमातल्दई, पयागपुर, असवारी, महाबन, कटीपुर, मौली कला, शहबाजपुर, बढ़ैनी खुर्द, भदवसी, देउरा चक, जगदेवपुर, गंगापुर, नरहुपुर, काजीचक, तोहफापुर, पैड़ौरा, निबिहीपुर, खरगरामपुर, माधोपुर, कल्याणपुर, भवानीपुर, धानापुर, लसकरिया, शहंशाहपुर, आराजी लाइन, पनियरा, उपाध्यायपुर, गोविन्दपुर, शक्तिपालपुर, बाहेरापुर, राजापुर, बभनियाँव, बोरहा, जीतापुर, टहिया महावन, बसन्तपुर महावन, गजापुर महावन, भीखमपुर, चकअधिया, दीपापुर, भीमचण्डी, गोविन्दपुर भीमचण्डी, गोपाल चक, बुढ़ूपुर, कमालीपुर, भिखारीपुर, चितापुर, रखौना, भुर्वलपुर, खजुरी, मेहंदीगंज, कल्लीपुर, नागेपुर तहसील-पिण्डरा-जनपद-वाराणसी 30 राजस्व ग्राम क्षेत्रफल 59.13 वर्ग किलोमीटर बहुतारा, जददुपुर, चकन्दर, फेथौली, समोगरा, बेलवाँ, लखमीपुर, चन्दापुर, सोनवरसा, ठेठुआ, अहिरानी, नागापुर, पिण्डराई, पिण्डरा, असवालपुर, अजगईपुर, जमापुर, तोकरपुर, नुरखी, धाना, रामपुर, बर्जी, चोरा, बिन्दा, धरी, माला (मनी), प्रह्लादपुर, उधोपुर, कठवाँ तहसील-सदर- जनपद-वाराणसी 18 राजस्व ग्राम क्षेत्रफल 23.43 वर्ग किलोमीटर सीपा, अहिरौली, हरदासपुर, मुंशीपुर, गुलर, भटौली, गोमईपुर, पलही पट्टी, महादेवपुर, पचोहपुर, राजापुर, रामगांव, बरथौली, ताड़ी, ससरहु, हसनीपुर, दुमिलवा, बेना तहसील-सकलडीहा- जनपद-चन्दौली 02 राजस्व ग्राम क्षेत्रफल 1.50 वर्ग किलोमीटर बिहरा, खैरुद्दीनपुर तहसील-प.दी.द.उ.नगर, जनपद-चन्दौली 54 राजस्व ग्राम क्षेत्रफल 77.19 वर्ग किलोमीटर करेहा, महादेवपुर, सलेमाबाद, ककरहीकला, तारापुर, जीवनपुर, मोहवा, ककरही खुर्द, संघती, बगाही, सदलपुर, चन्दौली खुर्द, रघलपुर, मखदूमपुर, कोरी, बलालपुर, मटकुदा, नसीरपुर पहन, धूसखास, बसनियाँ, हुडहा, धमिना, बसनी, महदे, बाजिदपुर, ढेवढ़िल, गहरपुर, अकबरपुर उर्फ रामपुर, गंज ख्वाजा, रामपुर उर्फ कल्लपुर, हिन्दी, मखदूमपुर, झांसी, रामपुर उर्फ अकबरपुर, मुहम्मदपुर (मोहम्मदपुर), चंकोट, रवसा, बहुली, कठौड़ी, सेरा, अलीनगर, जलालपुर उर्फ भटीया, गुवास, नियमताबाद, गंगेहरा, कुण्डलिया, बगया, भराहा, तालपा, सूपौली, मैनुद्दीनपुर, शेखपुर, बौरी, बगाडीह तहसील-चुनार- जनपद-मिर्जापुर 17 राजस्व ग्राम क्षेत्रफल 19.64 वर्ग किलोमीटर चुनमनपुर, रूदौली, सुसी, महरछ, आराजी लाइन सुल्तानपुर, पुरानी छावनी, केला बेला, कुसही, अदलपुरा, सुल्तानपुर खास, मुजाहिदपुर, आराजी सुल्तानपुर, मझवां तरफ, चकताल पश्चिम पट्टी, ताल विसुंई, चकताल विसुंई, चक कुसही